PART - 4

Class - 3rd

Subject - Hindi

स्वर और व्यंजन

* स्वर की परिभाषा- जिन वर्णों को बोलते समय किसी अन्य वर्ण की सहायता ना लेनी पड़े, उन्हे स्वर कहते हैं| मूल रूप से स्वर ध्वनियों की संख्या 13 मानी जाती हैं। उच्चारण की दृष्टि से इनमे केवल 10 ही स्वर हैं।

जैसे – अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ,औ आदि।

* व्यंजन - जिन वर्णों को बोलते समय किसी अन्य वर्ण की सहायता ली जाती हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं | व्यंजनो की संख्या 33 होती हैं |

हिन्दी के व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व श

ष स ह

* निम्नलिखित शब्दों से स्वर तथा व्यंजनो को अलग कर स्वर तथा व्यंजन के रूप को जाने :-

1. चिड़िया = च + इ + ड + इ + य + आ

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि प्रत्येक वर्ण के साथ स्वर की सहायता ली गई हैं | अतः यह स्पष्ट हैं कि स्वर शब्द स्वयं में स्वतंत्र होते हैं और व्यंजन शब्दों को पूरा करने के लिए स्वर शब्दों की सहायता ली जाती हैं |

आओ कुछ और शब्दों से जानें स्वर और व्यंजन के बारे में -

2. कोयल = क + ओ + य + अ + ल + अ

3. पेड़ = प + ए + ड + अ

4. मटका = म + अ + ट + अ + क + आ

5. बकरी = ब + अ + क + अ + र + ई

* अभ्यास कार्य :-

* दिए गए शब्दों से स्वर और व्यंजन शब्द को अलग कर लिखिए -

1. तरबूज = _____

2. सेब = _____

3.मछली = ____

4. पपीता = ____

5. लड़की = _____

6. टमाटर = ____

7. खरगोश = _____

8. शीतल = _____

9. नदी = _____

10. पानी = _____

11. गिलास = __

12. गाय = ____

13. सोहन = _____

14. फकीर = ____

15. जामुन = ____